# वसन्त विहार संदेश

समिति की त्रैमासिक वाणी — अप्रैल – जून 2024


आदरणीय सदस्यों,

सादर अभिवादन! विगत तिमाही ग्रीष्म ऋतु की तप्ती दोपहर एवं गर्म हवाओं का काल था। इसके बावजूद आपके सहयोग एवं प्रोत्साहन ने समिति क्रिया कलापों की निरंतरता व ऊर्जा बनाये रखी। समिति सम्पूर्ण क्षेत्र में चलाये गये विशेष सफाई अभियान, पथों व वाहन पार्किंग का निर्माण, पार्कों का उन्नयन व अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा सम्बन्धी तथा कार्यालय कार्यों का सुचारू संचालन आप सभी के सहयोग द्वारा ही सम्भव हो पाया है। सबका आभार! कई विकास सम्बन्धी अन्य कार्य प्रगति पर हैं। पिछली तिमाही में सम्पन्न गतिविधियाँ निम्नलिखित रही है :–

## 1. लीज हस्तांतरण की अनुमति

### (क) विक्रय द्वारा

निम्न प्रकरणों में लीज हस्तांतरण के लिए अनुमति दी गई :–

(i) श्रीमती दमयन्ती सिन्हा द्वारा प्लॉट क्रमांक 01 फेज–2 के पट्टे (Lease) का ब्रिगे0 मोहित नौटियाल के पक्ष में।

(ii) कर्नल अमृत लाल रामपाल द्वारा प्लॉट क्रमांक 201 फेज–1 के पट्टे ( Lease ) का कर्नल इरला रामा नरसिम्हा प्रसाद के पक्ष में।

(iii) श्रीमती विशाखा बधानी द्वारा प्लॉट क्रमांक 288 फेज–2 के पट्टे ( Lease ) का श्री अरूण शर्मा के पक्ष में।

(iv) श्री के0एम0 लाल द्वारा प्लॉट क्रमांक 35 फेज–2 के पट्टे ( Lease ) का श्री विनय शंकर पाण्डेय के पक्ष में।

### (ख) निधन के फलस्वरूप

निम्न प्रकरणों में सदस्य के निधन के फलस्वरूप विधिवत लीज का हस्तांतरण किया गया :–

(i) सदस्य स्व0 श्री जेबर सिंह सुहाग के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 162 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण उनके पुत्र श्री संजीत सुहाग को सदस्यता।

(ii) सदस्या स्व0 श्रीमती शैलबाला ममगाई के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 288 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण उनकी पुत्री श्रीमती विशाखा बधानी को सदस्यता।

(iii) सदस्य स्व0 ले0 कर्नल ए0 जखमोला (से0नि0) के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 290 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण उनकी पत्नी श्रीमती शैल जखमोला को सदस्यता।

(iv) सदस्य स्व0 श्री एन0 सी0 ढौंडियाल के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 55 फेज–1 की लीज का हस्तांतरण उनकी पत्नी श्रीमती प्रीती ढौंडियाल को सदस्यता।

(v) सदस्य स्व0 श्री पी0 के0 सिंघल के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 314 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण उनकी पत्नी श्रीमती कमलेश सिंघल को सदस्यता।

(vi) सदस्या स्व0 श्रीमती चरणजीत सिंह कौर के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 228 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण उनके पुत्र श्री सुरिन्दर पाल सिंह को सदस्यता।

(vii) सदस्य स्व0 श्री अजय सिंह पंवार के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 323 फेज–2 की लीज का हस्तांतरण उनकी बहिन श्रीमती नीता मंघानी को सदस्यता।

(viii) सदस्य स्व0 श्री सुल्तान सिंह चौहान के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 228 फेज–1 की लीज का हस्तांतरण उनकी पत्नी श्रीमती बृन्दा चौहान को सदस्यता।

(ix) सदस्या स्व0 श्रीमती गीता वर्मा के निधन के फलस्वरूप, प्लॉट/भवन सं0 206 फेज–1 की लीज का हस्तांतरण उनके पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा को सदस्यता।

2. <u>विकास कार्यों की प्रगति</u> :–

(i) समिति पार्क 4 एवं 6 में हाई मास्ट सोलर फ्लड लाईट स्थापित की गयी, साथ ही समिति के उपयुक्त स्थानों पर 16 सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना।
(ii) वेस्ट रोड–5 एक तरफ फुटपाथ निर्माण।
(iii) गेट–3, 4, 5 एवं 7 के किनारे दीवार निर्माण का कार्य एवं ईस्ट रोड–6 एवं ईस्ट रोड–7 पर गेट का निर्माण।
(iv) वेस्ट–3 एवं ईस्ट रोड–5 के किनारे इन्टों के खडंजे लगाने के कार्य को पूर्ण करना।
(v) समिति के विभिन्न स्थानों पर Road patches की मरम्मत का कार्य।
(vi) समिति के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में चारदीवारी एवं फेंसिंग का कार्य।
(vii) समिति के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में वाहन पार्किंग का निर्माण।
(viii) समिति के पार्क क्रमांक–3 में सिंचाई के लिये वर्षा जल संचय (Rain Water Harvesting) का निर्माण कार्य।
(ix) FRI मुख्य गेट से काली मंदिर तक रोड़, West Road-3 एवं West Road-5 का Resurfacing का कार्य समिति की देख–रेख में सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा किया गया।

3. <u>स्वच्छता सम्बन्धी कार्य</u> :–

(i) समिति के आठ (08) वार्डों में वाड़ वाईज, वार्ड प्रतिनिधियों की निगरानी में सफाई का कार्य पूर्ण किया गया। एक विशेष अभियान चलाकर मई–जून में क्षेत्रों की सफाई की गयी।

(ii) समिति के पार्कों की मेन्टेनेन्स एवं सफाई का कार्य विशेष अभियान द्वारा सीमित सफलता के साथ करवाया गया।

4. <u>सुरक्षा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन</u> :–

(i) वर्तमान में रात 10:00 बजे सुबह 5:30 बजे तक बैरियर बन्द करना।

(ii) सुरक्षा की दृष्टि से समिति के समस्त सदस्यों को 2 कार स्टीकर निःशुल्क देना। बार–बार निवेदन किये जाने के बावजूद अभी तक केवल 180 सदस्यों द्वारा कार स्टिकर के लिये आवेदन किया गया है। इन सभी को कुल 355 वाहन स्टिकर प्रदाय दिये गये हैं। पुनः निवेदन है कि सभी सदस्य तत्काल कार्यालय से निःशुल्क कार स्टिकर प्राप्त करें। कार स्टिकर के अभाव में गार्ड द्वारा रात्रि 10 बजे उपरांत वाहन को आवश्यक पूछताछ (Enquiry) एवं रजिस्टर में प्रविष्टि उपरान्त ही प्रवेश दिया जायेगा।

5. <u>SOCIETY MAINTENANCE CHARGES का भुगतान</u> :–

(i) जून 2024 तक कुल 412 सदस्यों द्वारा वर्ष 2024–25 की वार्षिक SMC राशि का भुगतान किया गया है। जिन सदस्यों का भुगतान लंबित है, उनसे निवेदन है कि ये लंबित भुगतान शीघ्र कर सहयोग करें। यहाँ उल्लेखनीय है कि बकाया मूल राशि पर 01 जुलाई से सितम्बर माह तक 5%, अक्टूबर से दिसम्बर तक 10%, जनवरी से मार्च तक 15% एवं अप्रैल माह में देने वाले सदस्यों को 20% वार्षिक की दर से दाण्डिक ब्याज की राशि भी वसूल की जायेगी।

(ii) **<u>Online भुगतान</u>** : स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई सदस्य Online भुगतान कर उसकी जानकारी/रसीद सोसायटी कार्यालय में नहीं दे रहे हैं। क्योंकि Bank इन भुगतानों के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी नहीं दे पा रहे हैं अतः इन सदस्यों के SMC भुगतान लम्बित दर्शाये जा रहे हैं। अतः सदस्यों से निवेदन है कि Online भुगतान करने पर भुगतान की रसीद सोसायटी कार्यालय में Accounts Clerk को देकर भुगतान प्राप्ति रसीद प्राप्त करें। सोसायटी के मोबाईल नं0 7668441801 में Whatsapp या e-mail से रसीद को निम्न विवरण के साथ भेजें :–

(a) UPI/Transaction नम्बर

(b) प्लॉट/भवन नं0 एवं फेज क्रमांक एवं सदस्य का नाम

6. <u>सदस्यों द्वारा नामांकन (NOMINATION)</u> :–

सोसायटी के कई सदस्यों द्वारा DVOCHSL की उपविधियां (Bye-Laws) की उपविधि क्रमांक 11 में दिये प्रावधान के अनुसार अपने प्लॉट के संबंध में नामांकन अभी तक नहीं किया गया है। इन सदस्यों की सूची कार्यालय के पत्र क्रमांक 1360/DVOCHSL/61 दिनांक 25.04.2023 द्वारा, DVOCHSL, Vasant Vihar A,B,C,D WhatsApp Group में दिनांक 26.04.2023 को भेजकर सभी सदस्यों को सूचना दी गई थी। नामांकन के अभाव में लीज हस्तांतरण में बाधायें उत्पन्न होती हैं, तथा वैधानिक प्रक्रिया से सदस्यों को गुजरना पड़ सकता है। अतः ऐसे सभी सदस्यों से पुनः निवेदन है कि वे निर्धारित प्रारूप में सोसायटी कार्यालय में नामांकन प्रस्तुत करें।

7. <u>सदस्यों की मृत्यु के उपरांत आवंटित भूखण्डों की लीज का हस्तान्तरण</u> :–

सदस्यों के अभिलेखों के परीक्षण उपरांत यह पाया गया है कि वर्तमान में 22 सदस्यों के निधन के उपरांत उनके भूखण्डों की लीज का हस्तांतरण आवेदन के अभाव में नहीं हो पाया है। पूर्व में ऐसे सदस्यों की सूची कार्यालय के पत्र क्रमांक 1360/DVOCHSL/61 दिनांक 25.04.2023 द्वारा DVOCHSL, Vasant Vihar A,B,C,D WhatsApp Group में दिनांक 26.04.2023 को भेजकर सभी सदस्यों को सूचना दी गई है। ऐसे सभी सदस्यों के नामित व्यक्ति/उत्तराधिकारीयों से पुनः निवेदन है कि वे लीज हस्तांतरण के लिए तत्काल सोसायटी कार्यालय में आकर विधिवत् आवेदन देकर लीज हस्तांतरण की कार्यवाही प्रारम्भ करें। सदस्य सोसायटी मोबाइल नम्बर–7668441801 के द्वारा भी समिति कार्यालय को सूचित करें।

8. **विगत 3 माह में समिति के 7 वरिष्ठ सदस्यों का दुःखद निधन हुआ है :–**

| क्रमांक | भूखण्ड/ भवन संख्या | सदस्य का नाम | मृत्यु की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 257/1 | स्व0 श्री अनुराग रतन | 24–04–2024 |
| 2. | 173/1 | स्व0 श्री सुभाष चन्द्र अग्रवाल | 10–05–2024 |
| 3. | 229/2 | स्व0 श्रीमती मीना पाण्डे | 07–03–2024 |
| 4. | 118/2 | स्व0 श्री एन0डी0 घिल्डि़याल | 06–04–2024 |
| 5. | 132/2 | स्व0 श्री आर0आर0 कोठारी | 24–06–2024 |
| 6. | 81/2 | स्व0 श्रीमती स्नेह खन्ना | 02–07–2024 |
| 7. | 332/2 | स्व0 श्री के0सी0 थपलियाल | 04–07–2024 |

वसन्त विहार समिति परिवार की ओर से हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह इनकी पुण्य आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा उनके परिवारजनों को इस आघात को सहने की शक्ति दे।

9. <u>वसन्त विहार क्लब</u> : पिछले तिमाही में वसन्त विहार क्लब को आर्थिक सहायता के रूप में 6 लाख रूपये की स्वीकृत बजट से प्रथम तिमाही की 2 लाख की राशि निर्गत की गयी है। साथ ही क्लब की परिस्थितियों के विस्तार हेतु रूपये 29,250/– के खरीदे गये संगीत यन्त्र, स्पीकर एवं रूपये 35,301/– स्विच बोर्ड, खिड़की दरवाजे की मरम्मत एवं पर्दों की धुलाई इत्यादि का अग्रेशन किया गया। साथ ही 50 कुर्सियाँ, 10 टेबल एवं 4 पेडस्टल पंखे की स्वीकृत दी गयी।

अन्त में एक बार पुनः सावन के स्वागत के साथ साधुवाद।

(कर्नल डी0के0 बड़थ्वाल (से0नि0))
सचिव

10.07.2024

(अजय कुमार लाल)
कार्यवाहक–सभापति